प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर भारतीय वायुसेना ने अपनी क्षमताओं का किया प्रदर्शन : सुखोई, जगुआर, मिराज जैसे फाइटर जेट्स ने की टच एंड गो ड्रिल।
2. केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने वाराणसी में कहा– विपक्षीदलों का साथ न मिलने के कारण महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने की प्रक्रिया हुई बाधित।
3. यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम कल शाम 4 बजे होगा घोषित : परिषद की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर पर परीक्षार्थी देख सकेंगे रिज़ल्ट। और
4. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स का आईपीएल मैच जारी : खेल समाप्ति तक कई प्रमुख मार्गों पर लागू रहेगा डायवर्जन।

———————

सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर भारतीय वायुसेना ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। अरवल कीरी करवत गांव में स्थित एयरस्ट्रिप पर होने वाले इस अभ्यास को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुटो । इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में हाईवे को

रनवे के रूप में उपयोग करने की क्षमता को परखना है। भारतीय वायु सेना मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी विंग कमांडर देवार्थो धर ने बताया कि इस एयर शो में सुखोई, जगुआर, मिराज जैसे फाइटर जेट्स ने हिस्सा लिया। 3 दशमलव 9 किमी की एयर स्ट्रिप पर वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने टच एंड गो का अभ्यास किया। बाइट....

*भारतीय वायु सेना का आज इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी जो एक्टिवेट हुई थी, इसमें भारतीय वायु सेना के फाइटर ट्रांसपोर्ट और हेलीकॉप्टर्स जो हैं यहां पर टच एंड गो एंड लैंडिंग किया था। फाइटर्स में* ***Mirage*** *2000,* ***Suk*** *30 के आई और* ***Jaguar*** *एयरक्राफ्ट थे। ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट में* ***C&295*** *और* ***AN-****32 थे और हेलीकॉप्टर्स में* ***MI-17 V-5*** *हेलीकॉप्टर्स ने यहां पर स्लिदरिंग ऑपरेशंस किया करोड़ कमांडो के साथ।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 अप्रैल को प्रस्तावित दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में महिला सम्मेलन के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के आवागमन समेत वाहनों की पार्किंग, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। श्री योगी ने कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम सुनिश्चित करने पर विशाष जोर दिया। प्रधानमंत्री अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे पर बरेका परिसर में नारी शक्ति महोत्सव आयोजन में शामिल होंगे।

साथ ही वह कई अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे।

——————————

केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज वाराणसी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर पत्रकार वार्ता में कहा कि इस अधिनियम को रोककर विपक्ष ने देश की महिलाओं के साथ छल किया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए लोकसभा सीटों को बढ़ाकर 815 करने का प्रस्ताव रखा। पर विपक्षी दलों की सहमति न बन पाने के कारण राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सशक्त करने की प्रक्रिया फिलहाल अधूरी रह गई। बाइट.....

*मातृशक्ति को वंदन करने का, मातृशक्ति को लोकसभा में और विधानसभाओं में रिजर्वेशन देने का उसको खो दिया इन्होंने और अब अलग–अलग भाषाओं में बोल रहे हैं कि 2023 का ही लागू कर देते। अरे भाई, उसी में ही तो अमेंडमेंट लेकर के लागू करने के लिए तो लाए थे हम। अब मातृशक्ति समझती है जी चीजों को। नरेंद्र मोदी जी ने तो अपील भी की कि रेडिट आप ले लो भाई, मुझे मत दो। कब तक इंतजार करेगी मातृशक्ति।*

इसी क्रम में महिला आरक्षण बिल पास ना होने के विरोध में वाराणसी, हापुड़, मुजफ्फरनगर समेत अन्य जनपदों में भाजपा महिला मोर्चा ने जनआक्रोश महिला पदयात्रा निकाली।

——————————

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ स्थित शेखा झील पक्षी अभयारण्य को रामसर स्थल घोषित किया गया है। ऐसे में भारत में ऐसे अभयारण्यों की कुल संख्या 99 और राज्य में 12 हो गईहै। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी देते हुए उन्होंने लिखा इस घोषणा से स्थानीय आजीविका और वैश्विक जैव विविधता के साथ–साथ जल और जलवायु सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्विकसित करने के अभियान के अंतर्गत आर्द्रभूमि और पशुओं, विशेष रूप से पक्षियों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को वैश्विक समुदाय से एक बार फिर सराहना मिली है।

———————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम कल शाम 4 बजे घोषित किया जायेगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि छात्र अपना परीक्षाफल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर पर देख सकते हैं। इस वर्ष लगभग 52 लाख छात्र छात्राओं ने यूपी बोर्ड की परीक्षा दी थी, जिनमें  हाईस्कूल के लगभग 27 लाख 5 हज़ार और

इण्टरमीडिएट के करीब 24 लाख 7 हज़ार विद्यार्थी शामिल हैं।

——————————

नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने आज अयोध्या में श्री रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राम मंदिर पूरे देश की आस्था, दिव्यता और गौरव का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद बना भव्य मंदिर हर राम भक्त के लिए गर्व और संतोष का विषय है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राष्ट्र आज पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आज ही के दिन आतंकवादियों ने कानपुर के शिवम दुबे समेत 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है। नया भारत पूर्ण एकजुटता और जीरो टॉलरेंस के संकल्प के साथ आतंक के हर रूप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर दिवंगत शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम देश को तब तक उठाने चाहिए जब तक आतंकवाद पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता। बाइट.....

*पहलगांव में ऐसी घटना है, यह इस तरीके का अटैक था जो हम 26 परिवारों के लिए तो जो पर्सनली लेवल पर बहुत बड़ा दुख बहुत बड़ी घटना है लेकिन मुझे लगता है यह देश और जिओ पॉलिटिकल लेवल पर भी बहुत बड़ी घटना की जिस तरीके से हमारे देश ने कदम उठाए हैं इस अटैक के बाद ऑपरेशन सिंदूर हो चाहे ऑपरेशन महादेव हो बहुत जरूरी है कि हम ऐसे कदम उठाते रहे जो हमेशा आतंकवाद के खिलाफ हो जब तक आतंकवाद पूरी तरीके से खत्म नहीं हो जाता।*

———————

हज 2026 के लिए आजमीन ए हज के पहले जत्थे ने आज लखनऊ से उड़ान भरी। इससे पहले प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आज सुबह मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस से हरी झंडी दिखाकर बसों को चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे के लिए रवाना किया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*हज के लिए रवाना हुई आज की फ्लाइट में लगभग 427 यात्री मौजूद थे। हज यात्रियों के पहले जत्थे के साथ 3 स्टेट हज इंस्पेक्टर भी रवाना किए गए। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि यह भारत का पहला स्मार्ट हज सफर है जोकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। उन्होंने कहा सभी आजमीन को स्मार्ट बैंड मुहैया कराया गया है, जो उनकी सेहत पर नजर रखेगा, साथ ही उन्हें रास्तों के बारे में जानकारी भी देगा। मुमताज़ अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह आठ बजे वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधिविधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। वहीं कल भगवान बद्री विशाल के कपाट भो खुल जाएंगे। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखें, पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान दें और यात्रा के लिए दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें।

———————

आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपरजायंट्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है। एलएसजी ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

मैच को लेकर दोपहर तीन बजे से मैच की समाप्ति तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया है। लखनऊ सुपरजायंट्स ने इस सीजन में अब तक

कुल 6 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 2 मैच में ही जीत मिली है।

—————————

प्रदेश मं भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। बीते 24 घंटों में 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा देश का सबसे गर्म ज़िला रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 25 अप्रैल तक मौसम शुष्क बने रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना है।

—————————